# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनांक 19.06.2025

**1.थाना बिसरख पुलिस द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुए लूट में शामिल गिरोह के 07 अभियुक्तों, 02 अभियुक्ताओं को किया गिरफ्तार व 02 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। कब्जे/निशानदेही से लूटी हुई ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित लगभग 05 टन लोहा, घटना में प्रयुक्त 02 स्कॉर्पियो कार, 01 ट्रक, बिक्री के ₹70,000 नकद एवं अवैध शस्त्र बरामद।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण--** दिनांक 11.06.2025 को थाना बिसरख क्षेत्रांतर्गत अज्ञात अभियुक्तों द्वारा वादी के ट्रैक्टर को ट्रॉली सहित जिसमें लोहे की एंगल व प्लेट कीमत 501372 रुपये व वजन 8810 किलोग्राम था, को लूटकर ले गये थे। जिसके संबंध में वादी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना बिसरख पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया था।

**कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 19.06.2025** को थाना बिसरख पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस, इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना में प्रयुक्त 02 स्कॉर्पियो कार की पहचान करते हुए लूट की घटना का सफल अनावरण किया गया। पुलिस टीम द्वारा लूट में संलिप्त गिरोह के अभियुक्तों (महिला/पुरुष) 1. तनु शर्मा पुत्री स्व0 मनोज कुमार उपाध्याय 2. सिमरन पत्नी अविनाश तोमर 3. सोम सिंह उर्फ सोनू पुत्र बलवीर सिंह 4. पंकज कुमार गुप्ता पुत्र चन्दन कुमार गुप्ता 5. मुकेश पुत्र श्यामसुन्दर 6. हैप्पी पुत्र स्व0 महेन्द्र सिंह 7. लक्की पुत्र मूल चन्द तोमर 8. अरूण पुत्र बाबू 9. अंशू पुत्र पुष्पेन्द्र को रोजा जलालपुर से **गिरफ्तार** किया गया। इसके अतिरिक्त 02 बाल अपराचियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। अभियुक्तों के कब्जे/ निशानदेही से लूटी हुई ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित सेफ एंड सैक्शन (लोहे के चैनल)- लगभग 02 टन, फ्लैट्स (लोहे की पत्ती)- लगभग 03 टन, घटना में प्रयुक्त 02 स्कॉर्पियो कार, 01 ट्रक, लूट के माल की बिक्री से प्राप्त ₹70,000 नकद व अभियुक्त सोम सिंह के कब्जे से 01 तंमचा मय 02 जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद किये गये है।

**पूछताछ का विवरण--** पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि अभियुक्ता तनु शर्मा जो कक्षा 12 तक शिक्षित है, अपने स्वर्गीय पिता द्वारा सेक्टर-36, ग्रेटर नोएडा के ऐच्छर मार्केट में संचालित धर्मकांटे की देखभाल करती थी। तनु शर्मा के द्वारा अपने पिता की जुलाई 2024 में मृत्यु होने के बाद धर्मकांटा का संचालन किया जाने लगा। अभियुक्ता तनु शर्मा के 02 नाबालिग भाई है। धर्मकांटा पर तनु शर्मा की मुलाकात अभियुक्त (ट्रक मालिक/ चालक) मुकेश व अभियुक्त अभिषेक उर्फ केडी से हुई एवं अभियुक्त सोम सिंह से तनु शर्मा की मुलाकात अल्फा ग्रेटर नोएडा स्थित उसकी मोबाइल की दुकान पर हुई । करीब 10-12 दिन पहले तनु शर्मा व उसके अन्य साथियों द्वारा धर्मकांटा पर एकत्रित होकर लोहे से भरी ट्रॉली/ गाड़ी को लूटने की योजना बनाई जिसके क्रम में दिनांक 11.06.2025 को ट्रैक्टर चालक सुबह लोहे से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली गाजियाबाद से सूरजपुर लेकर जा रहा था जिसमें करीब 5 लाख

रुपये का लोहे का सामान भरा हुआ था। अभियुक्तों द्वारा बनाई गई योजना के तहत ट्रैक्टर-ट्रॉली को रास्ते में मिलक लच्छी के सामने 02 स्कॉर्पियो कार जिनमें से एक स्कॉर्पियो कार रजि0नं0- UP16EN3767 को तनु शर्मा, सिमरन साथ के साथ चला रही थी एवं दूसरी स्कॉर्पियो कार रजि0नं0- UP14EP2346 को सोम सिंह, अभिषेक उर्फ केडी साथ चला रहा था। ट्रैक्टर चालक को अभियुक्त/ अभियुक्ताओं द्वारा अपनी कार में बैठा लिया गया एवं अभिषेक उर्फ केडी ट्रैक्टर-ट्रॉली को लेकर सादुल्लापुर सर्विस रोड पर योजना के मुताबिक लेकर गया था, जहां पर उसके अन्य सह अभियुक्तगण मिले थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरे सामान को ट्रक में लोड कर लिया गया था।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--**

1. तनु शर्मा पुत्री स्व0 मनोज कुमार उपाध्याय निवासी ग्राम कुडवारा, थाना मांठ, मथुरा वर्तमान पता एसके मैट्रो विला सोसाइटी, थाना बीटा–2, गौतमबुद्धनगर, उम्र करीब 19 वर्ष।
2. मुकेश पुत्र श्यामसुन्दर निवासी विवेकानन्द, थाना कविनगर, गाजियाबाद, उम्र करीब 50 वर्ष।
3. सोम सिंह उर्फ सोनू पुत्र बलवीर सिंह निवासी नवादा, थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर, उम्र 24 वर्ष।
4. पंकज कुमार गुप्ता पुत्र चन्दन कुमार गुप्ता निवासी डेल्टा 1, थाना सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर, उम्र करीब 23 वर्ष।
5. सिमरन पत्नी अविनाश तोमर निवासी एसके मैट्रो विला सोसाइटी, थाना बीटा–2, गौतमबुद्धनगर, उम्र करीब, उम्र करीब 34 वर्ष।
6. हैप्पी पुत्र स्व0 महेन्द्र सिंह निवासी टोडा, थाना बहासो, पटियाला (पंजाब), उम्र करीब 50 वर्ष।
7. लक्की पुत्र मूल चन्द तोमर निवासी जैतपुर, थाना सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर, उम्र करीब 19 वर्ष।
8. अरूण पुत्र बाबू निवासी झण्डा मुसरखपुर, थाना हाफिजपुर, हापुड़, उम्र करीब 18 वर्ष।
9. अंशू पुत्र पुष्पेन्द्र निवासी जैतपुर, थाना सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर, उम्र करीब 18 वर्ष।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण--**

1. मु0अ0सं0 419/2025 धारा 316(2) बीएनएस थाना बिसरख, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

**अभियुक्त सोम सिंह उर्फ सोनू का आपराधिक इतिहास का विवरण--**

1. मु0अ0सं0- 261/2019 धारा 323/452/504/506 भादवि व 3(1)(घ) SC/ST ACT, थाना सूरजपुर, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0- 152/2020 धारा 354/354(घ)/504/506 भादवि, 3(1)(xii) SC/ST ACT व 7/8 POCSO ACT, थाना सूरजपुर, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरण--**

1. सेफ एंड सैक्शन (लोहे के चैनल)- लगभग 02 टन, फ्लैट्स (लोहे की पत्ती)- लगभग 03 टन
2. एक ट्रैक्टर रजि0नं0- UP17AT3667 मय ट्रॉली
3. ब्रिकी से प्राप्त 70000 रूपये नकद।
4. घटना में प्रयुक्त 02 स्कॉर्पियो कार रजि0नं0 UP14EP2346 व रजि0नं0 UP16EN3767।
5. घटना में प्रयुक्त 01 ट्रक रजि0नं0- PB11DG9660
6. 01 तमंचा मय 02 जिंदा कारतूस .315 बोर

**2.थाना सैक्टर-49 पुलिस द्वारा मोबाईल फोन चोरी करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 18 चोरी के मोबाईल फोन विभिन्न कम्पनी के बरामद।**

**कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 19.06.25** को थाना सेक्टर 49 पुलिस द्वारा ग्राम बरौला के पास मोबाईल फोन चोरी करने वाले 02 अभियुक्त 1. रितिक पुत्र राजेश उम्र 18 वर्ष 2. अमन पुत्र सुआलाल उम्र 19 वर्ष को **गिरफ्तार** किया गया है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण--** अभियुक्त रितिक(दुकान पर काम करने वाला नौकर) उपरोक्त ने पूछताछ पर बताया कि वह जूस कार्नर के पास पीएसए0 मोबाईल वर्ल्ड नाम की दुकान ग्रा0 बरौला पर नौकरी करता है, दिनांक 16.06.2025 को दिन में इसने अपने दोस्त अमन के साथ प्लान बनाया कि वह इस दुकान से मोबाईल चोरी करेगा उसके लिये वह अपने दोस्त अमन को दुकान बंद करने के समय अन्दर घुसा देगा। रात्रि में जब गली में सारी दुकाने बंद हो जायेगी तब बाहर आ जाना, फिर यह लोग कहीं बाहर इन्हे बेंचकर अच्छे खासे पैसे कमाने और बराबर बांट लेंगे। इस प्लान के अनुसार दिनांक 16.06.2025 को रात्रि में समय करीब 22.30 बजे के आसपास दुकान को बंद करते समय रितिक (नौकर) अपने दोस्त अमन को जो पास में ही खड़ा था को दुकान के अन्दर घुंसा दिया और दुकान बंद करके चाभी अपने दुकान के मालिक के किरायेदार को दे दी। दिनांक 17.06.2025 को समय करीब 01.30 बजे रात्रि के आसपास जब कोई आता जाता नही दिखायी दिया तो बताये अनुसार अमन दुकान के बगल में बनी हुयी सीढ़ियों से चढकर बालकनी के सहारे नीचे उतरकर मोबाईलों से भरा बैग लेकर बाहर आ गया जिसमें कुल 18 मोबाईल फोन अलग अलग कम्पनियों के थे जिनकी कीमत लगभग 05-06 लाख रूपयें थी। अभियुक्त अमन उपरोक्त से पूछताछ की गयी तो बताया कि रितिक उसका दोस्त है, वह यही बरौला में मारियों के टोस्ट की डिस्ट्रीब्यूटिंग का काम करता है, रितिक द्वारा बताया गया कि उसके पास जहाँ वह नौकरी करता है, वहाँ से मोबाईल चोरी करने का अच्छा प्लान है, वह लालच में आ गया और मोबाईल चोरी से अच्छे खासे पैसे मिलने के कारण रितिक के साथ मिलकर दुकान से दिनांक 16-17.06.2025 की रात्रि को फोन चोरी किये गये थे, चोरी किये गये समस्त फोन मय एसेसिरीज( चार्जर, चार्जर केबल, पिन , वारण्टीकार्ड) सहित बरामद किये गये है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--**

1. रितिक पुत्र राजेश नि0 कस्बा व थाना सहसवान जिला बदायूँ हाल पता मंगतू कालोनी ग्रा0 सलारपुर थाना सै0 39 नोएड़ा गौतमबुद्धनगर उम्र 18 वर्ष।
2. अमन पुत्र सुआलाल नि0 ग्रा0 डहरपुर थाना दातागंज जिला बदायूँ हाल पता गली नं0 17 ग्रा0 बरौला थाना सै0 49 नोएडा गौतमबुद्धनगर उम्र 19 वर्ष

**गिरफ्तार अभियोग का आपराधिक इतिहास--**

1. मु0अ0सं0 0199/2025 धारा 306, 317(2) बीएनएस0 थाना सै0 49 नोएडा।

**बरामदगी का विवरण—**

18 चोरी के मोबाईल फोन क्रमश--

1. Motorola edge 60 STYLUS जिसका imei no: 352062941718375, 352062941718383 2. OPPO Reno 13 5G जिसका imei no: 863233075383151, 863233075383144

2. OPPO F29 5G imei no: 866450079440830, 866450079440822
3. OPPO F29 5G imei no: 866450074673773, 866450074673765
4. OPPO Reno13 5G imei no: 863233073388210, 863233073388202
5. Motorola edge 60 STYLUS imei no: 352062941562955, 352062941562963,
6. Vivo Y300 5G imei no: 864890071706575, 864890071706567
7. Vivo Y300 5G imei no: 864890072479255, 864890072479248
8. Vivo Y39 5G imei no: 866003079868995, 866003079868987
9. Vivo Y300 5G imei no: 866171072077896, 866171072077888
10. Vivo V40e imei no: 865260070204072, 865260070204064
11. Vivo V40e imei no: 860237079246994, 860237079246986,
12. 1Vivo V50e imei no: 865186074692733, 865186074692725
13. Vivo V40e imei no: 860237079587272, 860237079587264
14. Vivo v50 imei no: 864641073143196, 864641073143188,
15. Vivo V50 imei no: 860993078980336, 860993078980328
16. moto g 85 5g imei no: 352467544006799, 352467544006807
17. OPPO F29 Pro 5G imei no: 866658073906073, 866658073906065
18. हरें रंग Tommy Hilfiger बैग।